प्रेरणा
" आप जिसे बल से नहीं हरा सकते उसे बुद्धि से अवश्य हरा सकते हो। "

सच कहने की ताकत साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-6 • 13 DECEMBER TO 19 DECEMBER 2024 • VOLUME 21 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# 'वन नेशन-वन इलेक्शन' बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

## विधेयक अगले सप्ताह इसी शीतकालीन सत्र में लाए जाने की संभावना



**नई दिल्ली.** 'एक देश, एक चुनाव' के विधेयक को गुरुवार को मोदी सरकार ने कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी है। सूत्रों का कहना है कि अब सरकार इस बिल को सदन के पटल पर रख सकती है। ये विधेयक अगले सप्ताह इसी शीतकालीन सत्र में लाए जाने की संभावना है। सबसे पहले जेपीसी की कमेटी का गठन किया जाएगा और सभी दलों के सुझाव लिए जाएंगे। अंत में यह विधेयक संसद में लाया जाएगा और इसे पास करवाया जाएगा। इससे पहले 'एक देश, एक चुनाव' पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को 18 सितंबर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा।

अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं।

### पहले 'एक देश, एक शिक्षा और एक स्वास्थ्य प्रणाली' सुनिश्चित करे केंद्र सरकार : भगवंत सिंह मान



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' से पहले केंद्र सरकार को 'एक देश, एक शिक्षा और एक देश, एक स्वास्थ्य प्रणाली' को सुनिश्चित करना चाहिए। संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि मोदी सरकार देश में 'एक देश, एक शिक्षा' और 'एक देश, एक इलाज प्रणाली' लागू करने के बजाय 'एक देश, एक चुनाव' की प्रक्रिया को लागू करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जानबूझकर यह चाल चल रही है क्योंकि जहां 'एक देश, एक शिक्षा' और 'एक देश, एक इलाज प्रणाली' लागू करने से पूरे देश की जनता को लाभ होगा, वहीं 'एक देश, एक चुनाव' लागू करने से भाजपा के राजनीतिक मंसूबे पूरे होंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मोदी सरकार जनकल्याण की बजाय अपनी भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने इसे तानाशाही रवैया बताया, जो क्षेत्रीय पार्टियों और राज्यों के हित में नहीं है।

# चंड़ीगढ़ में लाइव शो से पहले सीसीपीसीआर की दिलजीत को सलाह



**चंडीगढ़.** चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीसीपीसीआर) ने सिंगर व एक्टर दिलजीत दोसांझ को शनिवार को यहां होने वाले उनके 'लाइव शो' के दौरान शराब पर आधारित गानों से परहेज करने की सलाह दी है। आयोग ने कहा है कि शराब से संवेदनशील उम्र के बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सीसीपीसीआर की अध्यक्ष शिप्रा बंसल द्वारा गुरुवार को जारी परामर्श में विशेष रूप से 'पटियाला पैग', 5 तारा और केस आदि गानों का उल्लेख किया गया है। साथ ही शराब, मादक पदार्थों या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गानों के प्रति भी आगाह किया गया है। यह निर्देश पिछले महीने तेलंगाना सरकार द्वारा हैदराबाद में दोसांझ के शो के दौरान जारी किए गए इसी तरह के निर्देश के बाद आया है, जहां उन्हें शराब और मादक पदार्थों को बढ़ावा देने वाले गानों से परहेज करने को कहा गया था। नोटिस में तेज आवाज और चमकती रोशनी के कारण बच्चों को मंच पर आमंत्रित करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया था।

# विजिलेंस ने मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर व उसके साथी को रिश्वत लेते पकड़ा

**• जालंध ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी अभियान के तहत आज पटियाला में तैनात मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एम.वी.आई.) गुरमीत सिंह और पटियाला निवासी उसके साथी अनिल को 14,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपियों को पटियाला शहर के निवासी दिनेश कुमार, जो जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स पटियाला में वसीका नवीस के रूप में कार्यरत हैं, की दर्ज शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया था कि मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अपने निजी एजेंट अनिल के जरिए वाहन की फिटनेस के लिए स्वीकृति प्रमाणपत्र जारी करने और ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट पास करवाने के बदले रिश्वत मांग रहा था। प्रवक्ता ने बताया कि



शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया, जिसमें दोनों आरोपी, गुरमीत सिंह (एम.वी.आई.) और उसका निजी एजेंट अनिल, दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से 14,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विजिलेंस ब्यूरो के थाना पटियाला रेंज में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# डी गुकेश ने रचा इतिहास, सबसे कम उम्र के बने विश्व चैंपियन

### विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज में विश्व चैंपियन बनने वाले दूसरे भारतीय बने



**स्पोर्ट्स डेस्क.** भारत के डी गुकेश ने शतरंज के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया है। भारतीय स्टार ने अंतिम गेम में मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर खिताब जीता। गुकेश विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज में विश्व चैंपियन बनने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। शतरंज विश्व चैंपियनशिप के 14वें और अंतिम गेम में काले रंग से खेलते हुए गुकेश ने चीन के लिरेन को मैराथन गेम में हरा दिया। गेम टाई की ओर बढ़ रहा था, जिससे यह मैच टाईब्रेकर में चला जाता लेकिन भारतीय स्टार ने 14 गेम में ही खिताब अपने नाम कर लिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा कि विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर गुकेश को हार्दिक बधाई। उन्होंने भारत को बेहद गौरवान्वित किया है। उनकी जीत शतरंज की महाशक्ति के रूप में भारत के अधिकार पर मुहर लगाती है। शाबाश गुकेश! प्रत्येक भारतीय की ओर से, मैं कामना करता हूं कि आप भविष्य में भी गौरवान्वित रहें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुकेश डी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। यह उनकी अद्वितीय प्रतिभा, कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प का परिणाम है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

# दिल्ली में अब महिलाओं को हर महीने मिलेंगे एक हजार



**नई दिल्ली.** दिल्ली चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को साधने की कोशिश की है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की कि अगर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी 2025 के विधानसभा चुनावों के बाद तीसरी बार सत्ता में लौटती है तो राष्ट्रीय राजधानी में 18 वर्ष से अधिक उम्र की प्रत्येक महिला के खाते में 2,100 रुपये जमा किए जाएंगे। हालाँकि, उन्होंने कहा कि कल से पंजीकरण शुरू होने के बावजूद, राशि तुरंत जमा नहीं की जाएगी क्योंकि महत्वपूर्ण चुनावों की तारीख अगले 10 से 15 दिनों में घोषित की जाएगी।

मुख्यमंत्री आतिशी के साथ एक कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा कि मैंने पहले हर महिला को 1,000 रुपये देने का वादा किया था। लेकिन कुछ महिलाएं मेरे पास आईं और कहा कि महंगाई के कारण 1,000 रुपये पर्याप्त नहीं होंगे। इसलिए सभी महिलाओं के खाते में 2100 रुपये जमा किये जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज सुबह आतिशी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके बाद यह योजना लागू कर दी गई है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज मैं दिल्ली की जनता के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने आया हूं। दोनों ही घोषणाएं महिलाओं के लिए हैं। मैंने वादा किया था कि मैं हर महिला को 1,000 रुपये दूंगा। आतिशी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गयाष। अब यह योजना दिल्ली में लागू हो गई है। 10-15 दिन में चुनाव की घोषणा हो जाएगी, इसलिए अभी खाते में पैसे ट्रांसफर करना संभव नहीं है। कुछ महिलाओं ने कहा कि महंगाई के कारण 1000 रुपये पर्याप्त नहीं होंगे। इसलिए जल्द ही 2100 रुपये प्रति माह पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा।

# 95,711 करोड़ के ऋण जोखिम वाले 22 खातों का अधिग्रहण

**• जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के माध्यम से प्रमुख परिचालन चुनौतियों का समाधान करने और समाधान तंत्र की दक्षता बढ़ाने के लिए समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की। बैठकों में डीएफएस, भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (आईबीबीआई), कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए), एनएआरसीएल, इंडिया डेट रेजोल्यूशन कंपनी लिमिटेड (आईडीआरसीएल) के वरिष्ठ अधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने भी भाग लिया। एनएआरसीएल में मामलों पर चर्चा खातों के समाधान के लिए समयसीमा में तेजी लाने पर केंद्रित थी। सचिव ने बड़े मूल्य की तनावग्रस्त संपत्तियों के समाधान में तेजी लाने के लिए डिज़ाइन की गई एक विशेष इकाई के रूप में एनएआरसीएल की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। इससे वित्तीय इकोसिस्टम मजबूत हुआ।



बैठक के दौरान यह बताया गया कि एनएआरसीएल ने 95,711 करोड़ रुपये के जोखिम वाले 22 खातों का अधिग्रहण किया है, जो समाधानों को आगे बढ़ाने में इसकी प्रभावशीलता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, एनएआरसीएल द्वारा प्रस्ताव दिए जाने के बाद बैंकों द्वारा 1.28 लाख करोड़ रुपये के जोखिम वाले 28 खातों का समाधान किया गया। यह अन्य समाधान तंत्रों के माध्यम से निपटान/सफलतापूर्वक वसूली करने में एनएआरसीएल की उपस्थिति के अप्रत्यक्ष प्रभाव को दर्शाता है।

# आतम नगर के कांग्रेस के पूर्व हलका इंचार्ज कड़वल 'आप' में शामिल



**• जालंधर ब्रीज.** लुधियाना

लुधियाना में आतम नगर के कांग्रेस के पूर्व हलका इंचार्ज और वर्तमान में भाजपा नेता कमलजीत सिंह कड़वल वीरवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। कमलजीत सिंह के साथ कई और कांग्रेस व भाजपा नेता भी 'आप' में शामिल हुए। कांग्रेस के पूर्व पार्षद गुरप्रीत सिंह गोपी, कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह कोचर, बलजिंदर सिंह कालो, लोक इंसाफ पार्टी के नेता विक्रांत शर्मा, भाजपा के पूर्व पार्षद रंजीत सिंह उभी, बलजिंदर सिंह काहलों मौजूदा जिला परिषद मैंबर, जगजीत सिंह भंम और भाजपा नेता दविंदर सिंह वालिया, सुखवंत सिंह उभी, रवि शर्मा नीटा, रणवीर सिंह उभी प्रीत गुडानी भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। सभी नेताओं को आम आदमी पार्टी के पंजाब अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने चंडीगढ़ पार्टी कार्यालय में औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया और स्वागत किया।

## मीत हेयर ने संसद में आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक पर पंजाब से संबंधित प्रमुख मुद्दे उठाए, कहा-

# आपदा प्रबंधन निधि आवंटन में राज्यों का प्रतिनिधित्व जरूरी

### मीत हेयर ने संसद को पंजाब सरकार की सड़क सुरक्षा फोर्स के बारे में बताया, कहा - इससे मौतों में 47 प्रतिशत कमी आई

**• जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली/चंडीगढ़

गुरुवार को संसद में आम आदमी पार्टी के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने आपदा प्रबंधन निधि आवंटन और अंतर-राज्य नदी विवादों के कारण पंजाब में किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में गंभीर चिंताएं उठाई। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और आपदा प्रबंधन निधि आवंटन में राज्यों के प्रतिनिधित्व की मांग की। मीत हेयर ने कहा कि आपदा प्रबंधन कोष को राज्यों के पर्याप्त प्रतिनिधित्व के साथ आवंटित किया जाना चाहिए। पिछले उदाहरणों पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि 2023 में बाढ़ ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश और बिहार में व्यापक विनाश किया, फिर भी विशेष राहत पैकेज केवल बिहार के लिए जारी किया गया। यह असमानता दूर करने के लिए फंड आवंटन संबंधी निर्णयों में राज्यों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होना बेहद जरूरी है।



हाल की आपदाओं से निपटने के महत्व पर जोर देते हुए हेयर ने केंद्र सरकार से 2023 की बाढ़ के दौरान पंजाब को हुए नुकसान की भरपाई करने की अपील की और कहा कि बाढ़ के कारण पंजाब को 1,600 करोड़ रुपये की सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ। सांसद ने बताया कि गांठदार त्वचा रोग जैसे पशुओं की बीमारियां, जिसके परिणामस्वरूप पंजाब में 18,000 से ज्यादा गायों की मौत हो गई, को भी आपदा प्रबंधन प्रावधानों के तहत शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने पशुधन हानि के मुआवजे की दरों में असमानता पर भी प्रकाश डाला और बताया कि पंजाब में एक भैंस का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख रुप है, लेकिन आपदा प्रबंधन मानदंडों के तहत मुआवजा मात्र 37,500 रुपए दिया गया। पुराने दर से किसानों को होने वाले वास्तविक आर्थिक नुकसान की भरपाई नहीं होती है, इसलिए केंद्र सरकार को इस दर में संशोधन करना चाहिए और प्रभावित किसानों के लिए मुआवजे की दरों को मौजूदा बाजार मूल्य के अनुसार तय करना चाहिए।

पंजाब की नदियों - रावी, सतलुज, ब्यास और घग्गर - के साथ मजबूत बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए हेयर ने तटबंधों के निर्माण और बाढ़ नियंत्रण तंत्र को मजबूत करने के लिए तत्काल केन्द्रीय समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पहले ही केंद्र सरकार को इससे संबंधित फंड को लेकर प्रस्ताव सौंप चुकी है। हेयर ने कहा कि पंजाब के किसानों को हर साल बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। उन्होंने इसका कारण घग्गर पर तटबंध (धुस्सी बांध) बनाने के लिए जरूरी एनओसी देने से हरियाणा का इनकार बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस मुद्दे को हल करने के लिए पंजाब और हरियाणा के बीच मध्यस्थता करनी चाहिए और इसका समाधान निकालना चाहिए। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खनौरी और संगरूर के आसपास में हजारों किसान प्रकृति की दया पर आश्रित न रह सके। मीत हेयर ने देशभर में सड़क दुघर्टना में होने वाली मौतों का मुद्दा उठाया और इसपर गहरी चिंता व्यक्त की। हेयर ने कहा कि हाईवे पर हाई स्पीड के कारण लगातार सड़क दुघर्टना में होने वाली मौतों की संख्या बढ़ रही है, यह सार्वजनिक चिंता का विषय है। इसलिए केन्द्र सरकार को इसपर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने संसद में पंजाब सरकार की विशेष पहल सड़क सुरक्षा फोर्स के बारे में बताया और कहा कि इस फोर्स के गठन के बाद पंजाब में सड़क हादसे में होने वाली मौतों में 47 प्रतिशत की कमी आई है। मीत हेयर के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब सरकार की सड़क सुरक्षा फोर्स की तारीफ की और लोगों की जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन का मामला संविधान के समवर्ती सूची में आता है, इसलिए कोई भी राज्य अपने हिसाब से इस संबंधी कानून बना सकता है। कई राज्यों ने कुछ कदम उठाए भी है, जिसके अच्छे नतीजे देखने को मिले हैं।

# घूमने-फिरने से होते हैं गजब के फायदे, अब आप भी ट्रिप करेंगे प्लान

**TRAVELLING**

नई जगहों पर घूमना फिरना और उस सुंदर जगह को एक्सप्लोर करना एक अलग एक्सपीरियंस होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नई जगहों पर घूमने फिरने से कई फायदे हो सकते हैं।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

मूड चेंज करने के लिए घूमना-फिरना जरूरी है। ऐसा करके न सिर्फ आप नई जगहों को एक्सप्लोर करते हैं बल्कि ट्रैवलिंग करने से या बाहर घूमने से आपके अंदर एक कॉन्फिडेंट आता है। कुछ लोग साल में एक बार भी मुश्किल से घूमने के लिए जाते हैं। ऐसे में उन लोगों को घूमने फिरने के फायदों के बारे में जानना चाहिए, जो ट्रैवलिंग करने से बचते हैं।

## घूमने के फायदे

### बेहतर फिजिकल हेल्थ

तनाव दिल की बीमारी और हाई ब्लड प्रेशर में मदद कर सकता है। स्टडी से पता चलता है कि पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए हर दो साल में छुट्टी लेने से कोरोनरी दिल की बीमारी या दिल के दौरे का खतरा कम हो सकता है।

### बेहतर स्वास्थ्य

रिपोर्ट्स कहती हैं कि छुट्टी के तीन दिन बाद लोगों की शारीरिक शिकायतें, नींद की क्वालिटी और मूड में छुट्टी से पहले की तुलना में सुधार हो सकता है।

### मेंटल मोटिवेशन में सुधार

रिपोर्ट्स से पता चला है कि क्रोनिक स्ट्रेस कुछ काम को पूरा करने में मुश्किल बन सकते हैं और मेमोरी से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। घूमने के लिए समय निकालने से दिमाग दुरुस्त होता है।

### बेहतर फैमिली रिलेशन

रिपोर्ट्स का कहना है कि जिन कपल्स ने छुट्टियों में रोमांचक एक्टिविटीज में हिस्सा लिया उन्होंने घर लौटने के बाद भी रिश्ते में ज्यादा अंतर और संतुष्टि का अनुभव हो सकता है। वहीं भाई-बहनों के साथ ट्रैवल करने से एक दूसरे के साथ जुड़ने का भी समय मिलता है।

### कम बर्नआउट

जो लोग आराम करने के लिए नियमित समय निकालते हैं, उनमें बर्नआउट का अनुभव होने की संभावना कम होती है। जिससे व्यक्ति ज्यादा क्रिएटिव और प्रोडक्टिव बनता है।

### बेहतर मेंटल हेल्थ

रिपोर्ट्स कहती हैं कि छुट्टियां डिप्रेशन को कम करते हुए हैपी फीलिंग्स को को बढ़ाने में मदद करती हैं। छुट्टियां मूड में सुधार कर सकती है।



**FASHION**

# युवाओं के बीच लौटा हाथ से बुने स्वेटर का ट्रेंड, स्टाइलिश लुक के साथ सेहत को भी फायदा

हाथ से बुने स्वेटर की बात ही निराली है। उसमें ममता भरी एक ऐसी गर्माहट होती है, जो बड़े-से-बड़े फैशन ट्रेंड को पीछे छोड़ देती है। पिछले कुछ समय में हाथ से बुने स्वेटर की लोकप्रियता फिर से बढ़ रही है। इसकी क्या है वजह और बुनाई के क्या-क्या हैं फायदे...

• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

सर्दियां आ चुकी हैं और आपने भी अपना विंटर वॉर्डरोब तैयार कर लिया होगा। वैसे देखा जाए तो सर्दियों का मौसम सबसे स्टाइलिश मौसम होता



है। फैशनेबल जैकेट, स्टाइलिश कोट और ट्रेंडी मफलर जैसी चीजें ना केवल गुनगुनी गर्माहट देती हैं, बल्कि लुक को भी दिलचस्प और आकर्षक बनाने का काम करती हैं। लेकिन पहले के जमाने में ऐसा नहीं होता था। तब घर की महिलाओं के लिए सर्दियों का मतलब घर का काम निबटा कर धूप में बैठकर मटर छीलना और गर्मागर्म मूंगफली खाते हुए चकल्लस करना होता था। इन सबके अलावा एक चीज जो समान रूप से सभी घरों की महिलाओं के हाथों में दिखती थी, वो होती थी ऊन-सिलाई, क्योंकि उस समय रेडीमेड स्वेटर चलन में नहीं थे। यहां उस दौर की बात हो रही है, जब विंटर वॉर्डरोब दादी और नानी अपने हाथों से स्वेटर बुन कर तैयार किया करती थीं।

जी हां, उस जमाने में फैशन पंडित लेटेस्ट ट्रेंड्स की घोषणा नहीं करते थे। बल्कि पूरे मोहल्ले की महिलाएं इस बात पर नजर रखती थीं कि किसके स्वेटर का डिजाइन सबसे अलग और सुंदर है और वही उस सीजन का ट्रेंड बन जाता था। ये उस दौर की बातें हैं, जब स्वेटर बुनना हाथ का हुनर समझा जाता था और महिलाएं सिर्फ स्वेटर का डिजाइन एक बार देखकर ही हूबहू उस जैसा ही बना देती थीं। हो सकता है आज की नई जेनरेशन को इस हुनर के बारे में ज्यादा कुछ ना पता हो, लेकिन उनके घर के भी किसी संदूक में दादी या नानी के हाथ से बुना कोई मफलर, टोपी या स्वेटर जरूर मिल जाएगा। लेकिन अगर घर में कोई हाथ से बुना ऊनी कपड़ा नहीं है, तो भी कोई बात नहीं क्योंकि कहते हैं कि पुराना फैशन हमेशा लौट कर वापस आता है। शायद इसलिए हाथ से बने खूबसूरत स्वेटरों का दौर भी लौटकर वापस आ रहा है।

### ममता भरी गर्माहट

हमारी देसी संस्कृति में हाथ से बुने स्वेटर महज सर्दी से बचाव का एक साधन नहीं है, बल्कि भरा-पूरा इमोशन है। जालंधर की चांद शर्मा अपने इलाके में अपने स्वेटरों के आकर्षक डिजाइनों के लिए बहुत मशहूर हैं। पुराने दिन याद करते हुए वे बताती हैं, 'साठ और सत्तर के दशक में अच्छी बुनाई आना लड़कियों का गुण माना जाता था। तब हम लोग सर्दियां आते ही बाजार से ऊन के रंग-बिरंगे गोले खरीदने शुरू कर देते थे और अपनी सहेलियों से सलाह भी करते थे कि फलां डिजाइन कितने नंबर की सिलाई से बुना जाएगा। मैंने अपने हाथ के बने स्वेटर अपने बच्चों के बच्चों तक को भी पहनाए हैं। महिलाएं अपने हाथ से बने स्वेटरों में अपना प्यार भर कर अपने बच्चों को पहनाती थीं।

### नए फैशन पर भारी

फैशन ट्रेंड्स की सबसे खास बात यह है कि कोई ट्रेंड कुछ समय के लिए तो पीछे छूट सकता है, लेकिन कभी ना लौट कर वापस जरूर आता है। यही वजह है कि फैशन के पारखी कभी भी किसी स्टाइल को पूरी तरह खारिज नहीं करते हैं। बड़ी-बड़ी हस्तियों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक अपनी शादी या अन्य खास अवसरों पर अपनी दादी-नानी या मां की साड़ी और गहने बड़े चाव से पहनती हैं। करीना कपूर ने अपनी शादी में अपनी सास शर्मिला टैगोर की शादी का जोड़ा पहना था। इसी तरह यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी पहनी थी। ये उदाहरण बताते हैं कि जिस चीज के साथ यादें जुड़ी होती हैं, वो कभी पुरानी नहीं होती हैं। हाथ से बुना स्वेटर भी एक ऐसा ही इमोशन है, जिसके साथ हम सभी की यादें किसी ना किसी रूप में जुड़ी हैं।

### सेहत के साथ कमाई भी

ठंड के मौसम में मन में छाने वाली उदासी, जिसे विंटर ब्लूज' कहते हैं, उससे उबरने में भी ऊन-सिलाई आपकी मदद करेगी। बुनाई से ना सिर्फ खाली समय आसानी से कट जाता है बल्कि बुनाई के नए-नए डिजाइन बनाने से दिमाग भी तेज बना रहता है। इतना ही नहीं, बहुत सी महिलाएं तो इसे पुराने दर्द और अकड़न को ठीक करने में भी बहुत कारगर मानती हैं। पैंसठ वर्षीय संतोष याद करते हुए बताती हैं कि,



'सर्दियां शुरू होते ही महिला पत्रिका लेने की उत्सुकता बढ़ जाती थी क्योंकि उनमें बुनाई विशेषांक आता था। स्वेटर बनाने का उत्साह इतना ज्यादा होता था कि शरीर का कोई दर्द याद ही नहीं रहता था।' बुनाई करते समय हाथ लगातार चलते हैं, जिससे हाथों और उंगलियों में जकड़न नहीं होती और दिमाग भी बुनाई में व्यस्त रहता है।

पठानकोट की प्रियंका रानी पिछले कई सालों से ऑर्डर पर स्वेटर बनाती हैं, जिनकी कीमत डिजाइन के आधार पर तय की जाती है। वो बताती हैं, 'पहले लोग ज्यादातर छोटे बच्चों के लिए ही स्वेटर बनवाते थे क्योंकि हाथ से बुने स्वेटर रेडीमेड की तुलना में ज्यादा गर्म होते हैं। अब तो कॉलेज जाने वाली लड़कियों में भी हाथ की बुनाई वाले ऊनी कपड़ों को लेकर दिलचस्पी बढ़ने लगी है। अब मेरे पास क्रॉप टॉप और जंपर ड्रेस से लेकर ऊनी मोजों और टोपी तक के ऑर्डर आते हैं।' ये तो सिर्फ एक उदाहरण है, लेकिन ऐसी अनेक महिलाएं हैं, जो अपने इस हुनर की बदौलत आज अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं।

# सूप गाढ़ा करने के लिए अनहेल्दी कॉर्नस्टार्च नहीं डालें ये हेल्दी चीजें

सूप को गाढ़ा बनाने के लिए कॉर्नस्टार्च की बजाय इन हेल्दी चीजों का करें इस्तेमाल।






• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

सर्दियों में गर्मागर्म सूप तो हर किसी को पसंद आता है। सर्दी-जुकाम हुआ हो या फिर ठंड लग रही हो। गर्म सूप पूरे शरीर को गर्म बना देते हैं। लेकिन इस हेल्दी सूप को अनहेल्दी बना देता है कॉर्नस्टार्च। जिसकी अच्छी खासी मात्रा लोग सूप को गाढ़ा करने के लिए करते हैं। अगर आप कॉर्नस्टार्च के बगैर सूप को गाढ़ा बनाना चाहते हैं, जिससे ये बच्चों से लेकर बड़ों के लिए हेल्दी बना रहे तो इन ऑप्शन को ट्राई करें।

### ओट्स डालें

टमाटर, पालक या फिर मनचाऊ, सूप चाहे जो भी उसे हेल्दी ट्विस्ट देने के लिए कॉर्न स्टार्च की बजाय ओट्स को पाउडर बनाकर डालें। ये ना केवल सूप को गाढ़ा बनाएगा बल्कि हेल्दी भी रहेगा।

### क्रीम या दही डालें

सूप को गाढ़ा बनाने के लिए क्रीम की मात्रा भी बढ़ाई जा सकती है। या फिर फ्रेश हैंग कर्ड भी सूप को गाढ़ा और क्रीमी बनाएगी। लेकिन ध्यान रहे कि सूप में क्रीम या दही डालने के बाद उसे गाढ़ा ना करें।

### सब्जियों की पीस दें

सूप को गाढ़ा करने के लिए किसी भी स्टार्च वाली चीज का इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन हेल्दी ऑप्शन में पकी हुई सब्जियों को पीस दें। ऐसा करने से सूप गाढ़ा हो जाता है।

### ब्रेड का करें इस्तेमाल

कॉर्न स्टार्च के हेल्दी ऑप्शन में मल्टीग्रेन ब्रेड को भी ब्लेंड कर सूप में डाला जा सकता है। ये स्वाद बढ़ाने के साथ ही सूप को गाढ़ा भी बना देंगे।

# पढ़ी हुई हर चीज बच्चों को रहेगी याद, बस अपनाएं ये टिप्स




• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

एग्जाम का समय आते ही पेरेंट्स के ये सवाल रहते हैं कि बच्चे को पढ़ा हुआ याद कैसे रखवाएं या फिर उनकी याददाश्त कैसे बढ़ाएं। ज्यादातर बच्चे भी इस बात का जवाब जानना चाहते हैं कि जो भी वह पढ़ रहे हैं उसे कैसे याद रखें। मन लगाकर पढ़ाई करने के बाद भी जो बच्चे एग्जाम टाइम में सब भूल जाते हैं तो कुछ तरीकों को अपनाकर आप उन्हें पढ़ी हुई हर चीज याद रहेगी।

**1) सीखने और याद रखने को मजेदार बनाएं**

अगर आप चाहती हैं कि बच्चे को सभी चीज याद रहे तो उनके लिए नियमित रूप से पढ़ने का समय सेट करें। बच्चे को पढ़ाने का समय कोई भी हो सकता है, बस समय सेट करने से बच्चे को ध्यान लगाने की आदत डालने में मदद मिलती है।

**2) हर बार पूछें सवाल**

जब आप बच्चे को एक अध्याय पढ़ा देते हैं तो उसके बाद उन्होंने जो पढ़ा है उसके बारे में सवाल पूछें। सवाल अध्याय से जुड़े होने चाहिए। ऐसा करके बच्चे को सोचने और अपनी समझ को स्पष्ट करने के लिए मोटिवेशन मिलता है।

**3) जोर से पढ़ने के लिए कहें**

बच्चे को अगर कोई नया चैप्टर पढ़ा रहे हैं तो उन्हें बारी-बारी से हर पैराग्राफ को जोर से पढ़ने को कहें। ऐसा करके उनका उच्चारण सही होगा। इसके अलावा वह जरूरी हिस्सों को अच्छे से समझेंगे और उन्हें याद भी रहेगा।

**4) समय-समय पर करवाएं रिवाइज**

किसी भी चीज को याद करवाने के लिए रिवाइज कराना सबसे अच्छा है। कोशिश करें कि पढ़ाई हुई हर चीजो को समय-समय पर दोहराते हैं। ऐसा करके पढ़ी हुई हर चीज बच्चे के दिमाग में अच्छे से बैठ जाएगी।

**5) विजुअलाइज करना सिखाएं**

बच्चे को विजुअलाइज करमा सिखाएं। इसके लिए बच्चे से कहें कि वह जो कुछ भी पढ़ रहे हैं उसकी दिमाग में इमेज बनाएं। फैक्चुअल डिटेल्स को याद रखने के लिए ये काफी मददगार साबित हो सकता है।

***डिस्क्लेमर :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

# पुरुषों के लिए बेहद फायदेमंद है फिश ऑयल, फर्टिलिटी से लेकर दिल की सेहत तक का रखता है ख्याल

**HEALTH**

क्या आप जानते हैं पुरुषों की कुछ आम समस्याओं को दूर करने में भी फिश ऑयल को बहुत प्रभावी पाया गया है। यही वजह है कि पुरुषों को इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं मछली का तेल ...

• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

फिश ऑयल त्वचा को लंबे समय तक खूबसूरत और जवां बनाए रखने में मदद करता है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, EPA, और एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट करके उसका रूखापन दूर करने में मदद करते हैं। बता दें, फिश ऑयल में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड बॉडी में नेचुरल ऑयल प्रोडक्शन को बढ़ावा देकर हाइड्रेट रखने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति को बाहर से ऑयल लगाने की खास जरूरत महसूस नहीं होती है। फिश ऑयल से जुड़े ये ब्यूटी बेनिफिट्स तो ज्यादातर सभी लोग जानते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं पुरुषों की कुछ आम समस्याओं को दूर करने में भी फिश ऑयल को बहुत प्रभावी पाया गया है। यही वजह है कि पुरुषों को इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं मछली का तेल पुरुषों को सेहत से जुड़े क्या फायदे देता है।

**कैसे बनता है फिश ऑयल?**

मछली के टिश्यू से फिश ऑयल बनाया जाता है। इस तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड, डोकोसाहेक्सैनोइक एसिड, कोसैपेंटेनोइक एसिड मौजूद होते हैं, जो व्यक्ति को कई बीमारियों से बचाए रखने में मदद करते हैं।



### पुरुषों की सेहत के लिए फिश ऑयल के फायदे

**दिल की सेहत :** मछली का तेल दिल की सेहत को अच्छा बनाए रखने में मदद कर सकता है। मछली के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी माना जाता है। फिश ऑयल अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाकर खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकता है। यह तेल दिल की धड़कन को भी नियमित बनाए रखने में मदद करता है, जिससे दिल से जुड़े रोगों का खतरा कम हो जाता है।

**मेंटल हेल्थ :** दिमागी सेहत को अच्छा बनाए रखने में ओमेगा-3 फैटी एसिड बेहद जरूरी होता है। मछली के तेल में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने के साथ कोशिकाओं के बीच संचार को आसान बनाते हैं।

**टेस्टोस्टेरोन :** पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन की कमी के कारण यौन इच्छाओं में कमी, इनफर्टिलिटी से लेकर बाल झड़ने तक कई समस्याएं देखने को मिलती हैं। फिश ऑयल का सेवन शरीर में इस हार्मोन के संतुलन को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**प्रजनन क्षमता :** नियमित रूप से मछली के तेल का सेवन करने से पुरुषों की स्पर्म की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और प्रजनन क्षमता बेहतर हो सकती है। मछली के तेल का सेवन करने से पुरुषों के वीर्य की मात्रा, शुक्राणुओं की संख्या और टेस्टिकल्स का आकार बढ़ता है। यह एक जरूरी पोषक तत्व है, जो पुरुषों में स्वस्थ शुक्राणुओं की संख्या बढ़ाने में मदद करता है।

**दर्द में राहत :** मछली के तेल में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड, ईकोसापेंटाटोनिक एसिड (EPA) और डेकोक्साहेक्सेओनिक एसिड (DHA) होते हैं। ये एसिड सूजन पैदा करने वाले हार्मोन बनाने वाले एंजाइम को रोककर सूजन से लड़ते हैं, जिससे दर्द में राहत मिलती है।

**सलाह :** फिश स्पलीमेंट डॉक्टर की सलाह के बिना लेने से बचें। इसके अलावा त्वचा पर लाल निशान या रैशेज दिखने पर भी फिश ऑयल के कैप्सूल न लें।

***नोट :** इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# पीएम मोदी ने एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया

• **जालंधर ब्रीज** . हरियाणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत में महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन के लिए अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप भारतीय जीवन बीमा निगम की 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने करनाल में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर, उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज भारत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महीने का 9वां दिन होना इसलिए भी विशेष है क्योंकि हमारे शास्त्रों में 9 अंक को शुभ माना गया है और यह नवदुर्गा के नौ रूपों से जुड़ा है, जिनकी नवरात्रि के दौरान पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि आज नारी शक्ति की पूजा का भी दिन है।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 9 दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी और आज देश में संविधान की 75वीं वर्षगांठ के उत्सव के मौके, यह तारीख हमें समानता और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करती है।

हरियाणा को दुनिया को नीति और धर्म का ज्ञान देने वाली महान भूमि बताते हुए मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस समय कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव भी मनाया जा रहा है। उन्होंने गीता की भूमि को नमन किया और हरियाणा के सभी देशभक्त लोगों को बधाई दी। मोदी ने हरियाणा के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 'एक हैं तो सेफ हैं' के मंत्र को अपनाया है, जो पूरे देश के लिए एक मिसाल बन गया है।

हरियाणा के साथ अपने अटूट रिश्ते और लगाव को व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें लगातार तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में बनी राज्य सरकार की हर तरफ से प्रशंसा हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि देश ने देखा है कि सरकार बनने के बाद किस तरह हजारों युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार के स्थायी नौकरियां मिली हैं। हरियाणा की महिलाओं को धन्यवाद देते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने बीमा सखी योजना शुरू की है, जो देश की महिलाओं को रोजगार प्रदान करती है। उन्होंने इसके लिए सभी को बधाई दी।

कुछ साल पहले पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत करने के अपने सौभाग्य को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि अकेले हरियाणा में पिछले एक दशक में हजारों बेटियों की जान बचाई गई। मोदी ने कहा कि अब एक दशक के बाद इसी पानीपत की धरती से बहनों और बेटियों के लिए बीमा सखी योजना की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि पानीपत नारी शक्ति का प्रतीक बन गया है।

उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 1947 से लेकर आज तक हर वर्ग और हर क्षेत्र की ऊर्जा ने भारत को इस ऊंचाई पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को प्राप्त करने के लिए भारत को ऊर्जा के कई नए स्रोतों की जरूरत है। पूर्वोत्तर भारत ऐसा ही एक स्रोत है। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति महिला स्वयं सहायता समूह, बीमा सखी, बैंक सखी, कृषि सखी के रूप में ऊर्जा का एक और महत्वपूर्ण स्रोत है जो विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें पर्याप्त अवसर प्रदान करना और उनकी राह में आने वाली हर बाधा को दूर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो देश के लिए अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए वर्जित रही नौकरियों को उनके लिए खोले जाने पर प्रकाश डालते हुए, मोदी ने कहा कि आज भारत की बेटियां सेना की अग्रिम पंक्ति में तैनात की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में भारत की बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में किसानों और पशुपालकों के 1200 उत्पादक संघ या सहकारी समितियां हैं, जिनका नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियां खेल से लेकर शिक्षा तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को बढ़ाकर 26 सप्ताह करने से भी लाखों बेटियों को लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज शुरू किए




गए बीमा सखी कार्यक्रम की नींव भी वर्षों की कड़ी मेहनत और तपस्या पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आजादी के 6 दशक बाद भी ज्यादातर महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे, इसलिए महिलाएं पूरी बैंकिंग व्यवस्था से कटी हुई थीं। जन धन योजना के तहत 30 करोड़ महिला खातों पर गर्व व्यक्त करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के लिए जन धन खाते खोले हैं ताकि गैस सब्सिडी जैसी सब्सिडियां परिवार के जिम्मेदार हाथों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जन धन योजना ने किसान कल्याण निधि, सुकन्या समृद्धि योजना, अपना घर बनाने के लिए धन, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए दुकान खोलने के लिए धन, मुद्रा योजना और अन्य योजनाओं से धन का हस्तांतरण सुनिश्चित करने में भी मदद की है।

प्रधानमंत्री ने हर गांव में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने में महिलाओं की अहम भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जिनके पास बैंक खाते भी नहीं थे, वे अब बैंक सखी के रूप में ग्रामीणों को बैंकों से जोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि बैंक सखियों ने लोगों को यह सिखाना शुरू कर दिया है कि बैंक में पैसे कैसे बचाएं, लोन कैसे लें और ऐसी लाखों बैंक सखियां आज हर गांव में सेवाएं दे रही हैं।

मोदी ने याद दिलाया कि पहले भारत की महिलाओं का बीमा नहीं होता था। उन्होंने कहा कि आज लाखों महिलाओं को बीमा एजेंट या बीमा सखी बनाने का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अब बीमा जैसे क्षेत्रों के विस्तार में भी महिलाएं नेतृत्व करेंगी। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि बीमा सखी योजना के तहत 2 लाख महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बीमा सखी योजना के तहत 10वीं कक्षा पास करने वाली लड़कियों को प्रशिक्षित किया जाएगा और तीन साल तक वित्तीय मदद दी जाएगी। बीमा क्षेत्र से जुड़े आंकड़ों का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि एक एलआईसी एजेंट हर महीने औसतन 15 हजार रुपये कमाता है। उन्होंने कहा कि हमारी बीमा सखियां हर साल 1.75 लाख रुपये से अधिक कमाएंगी, जिससे परिवार को अतिरिक्त आय होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीमा सखियों का योगदान पैसे कमाने के अलावा और भी बहुत कुछ होगा। उन्होंने कहा कि भारत में 'सबके लिए बीमा' ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा और गरीबी को जड़ से मिटाने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बीमा सखियां सबके लिए बीमा के मिशन को मजबूत करेंगी।

मोदी ने किसी व्यक्ति के बीमा कराने पर उसे खासा लाभ मिलने की बात पर जोर देते हुए कहा कि सरकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत बहुत कम प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का बीमा प्रदान किया जाता है। मोदी ने कहा कि देश के 20 करोड़ से अधिक लोग जो कभी बीमा के बारे में सोच भी नहीं सकते थे, उनका बीमा किया गया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों योजनाओं के तहत अब तक लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की दावा राशि दी जा चुकी है। मोदी ने कहा कि बीमा सखियां देश के कई परिवारों को सामाजिक सुरक्षा कवर प्रदान करने का काम करेंगी, जो एक तरह का अच्छा काम है।

पिछले 10 वर्षों में भारत में ग्रामीण महिलाओं के लिए बनाई गई क्रांतिकारी नीतियां और नीतिगत निर्णयों के वास्तव में अध्ययन का विषय होने पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भले ही बीमा सखी, बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी जैसे नाम सरल और सामान्य लगते हों, लेकिन वे भारत का भाग्य बदल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत का स्वयं सहायता समूह अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण को देखते हुए इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। मोदी ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को एक बड़ा माध्यम बनाया है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और पिछले एक दशक में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की मदद दी गई है।

प्रधानमंत्री ने देशभर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की भूमिका और असाधारण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हर समाज, वर्ग और परिवार की महिलाएं इससे जुड़ी हैं और हर महिला को इसमें अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वयं सहायता समूहों की मुहिम से सामाजिक सद्भाव और सामाजिक न्याय को भी मजबूती मिल रही है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वयं सहायता समूह न केवल एक महिला की आय बढ़ा रहे हैं, बल्कि एक परिवार और पूरे गांव का आत्मविश्वास भी बढ़ा रहे हैं।

# अमित शाह ने हरियाणा के सीएम की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

• **जालंधर ब्रीज** . नई दिल्ली



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हरियाणा में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, BPR&D के महानिदेशक, NCRB के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तीन नए आपराधिक कानून, नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। गृह मंत्री ने हरियाणा को 31 मार्च, 2025 तक राज्य में नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

चर्चा के दौरान अमित शाह ने तकनीक के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि राज्य के हर ज़िले में एक से अधिक फॉरेन्सिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिएं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि Zero FIRs की मोनिट्रिंग की जिम्मेदारी Dy. SP लेवल के अधिकारी की हो, और प्रदेशों के हिसाब से अन्य भाषाओँ में इनका अनुवाद सुनिश्चित हो। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक सभी पुलिसकर्मियों को sensitize करें कि समय पर न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को सभी पुलिस अधीक्षकों द्वारा निर्धारित समयसीमा के तहत मामलों की जांच सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री को हर 15 दिन और मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सप्ताह में एक बार तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करनी चाहिए।

# सरकार ने किया 100 दिवसीय 347 उच्च फोकस वाले जिलों में राष्ट्रव्यापी टीबी उन्मून अभियान शुरू

• **जालंधर ब्रीज** . पंचकूला, हरियाणा

भारत सरकार ने तपेदिक को समाप्त करने के भारत के प्रयासों में एक परिवर्तनकारी क्षण का वादा करते हुए, अगले 100 दिनों में देश भर के 347 जिलों में एक नया अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य गहन पहचान अभियान के माध्यम से लापता टीबी रोगियों को खोजना और उनका इलाज करना है, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों में, और टीबी से होने वाली मौतों को काफी हद तक कम करना है। इस अभियान में निदान और उपचार की शुरुआत में देरी को कम करने के लिए उन्नत स्क्रीनिंग और नैदानिक प्रौद्योगिकियाँ तैनात की जाएंगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत 100 दिवसीय सघन अभियान का शुभारंभ आज हरियाणा के पंचकूला में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री मती आरती सिंह राव, केंद्रीय एवं राज्य स्वास्थ्य मंत्रालयों तथा राष्ट्रीय क्षय रोग प्रभाग के अधिकारीगण तथा नागरिक समाज के सदस्य भी उपस्थित थे।

**• प्रत्येक क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए अनुकूलित दृष्टिकोण**

अभियान का क्रियान्वयन प्रत्येक क्षेत्र की विविध और विशिष्ट चुनौतियों को ध्यान में रखकर किया जाएगा। 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों का चयन मृत्यु दर, संभावित टीबी जांच दर और राष्ट्रीय औसत की तुलना में घटना दर जैसे संकेतकों के आधार पर किया गया है।

**• बेहतर पहचान, तीव्र निदान और उपचार**

अभियान का उद्देश्य निदान और उपचार आरंभ में देरी को कम करने के लिए उन्नत जांच और नैदानिक तकनीकों का उपयोग करके गहन केस फाइंडिंग अभियान के माध्यम से रोग का पता लगाना है। अभियान मोबाइल अल्ट्रापोर्टेबल, एआई-सक्षम एक्स-रे इकाइयों और आणविक परीक्षणों को तैनात करेगा ताकि उन्नत निदान को लोगों के करीब लाया जा सके, खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में। टीबी के लक्षणों के लिए कमजोर लोगों की जांच के अलावा, एनटीईपी टीबी के लिए सभी उच्च जोखिम वाले समूहों की जांच करेगा, भले ही उनमें लक्षण दिखाई दें या नहीं।

**• उपचार, देखभाल और पोषण सहायता तक विस्तारित पहुंच**

इसके समानांतर, टीबी के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए, कार्यक्रम उच्च जोखिम वाले रोगियों के लिए विशेष देखभाल प्रदान करने और निक्षय पोषण योजना के माध्यम से पोषण संबंधी सहायता बढ़ाने के लिए विभेदित टीबी देखभाल जैसी नई पहलों तक पहुंच का विस्तार करेगा। गौरतलब है

कि निक्षय पोषण योजना के तहत मासिक सहायता हाल ही में सभी टीबी रोगियों के लिए ₹ 500 से बढ़ाकर ₹ 1000 प्रति माह कर दी गई है। इसके अलावा, निक्षय मित्र पहल के दायरे का विस्तार टीबी रोगियों के सभी घरेलू संपर्कों को कवर करने के लिए किया गया है। इस प्रकार यह अभियान टीबी के उपचार और रोकथाम के उपकरण के रूप में पोषण संबंधी सहायता तक विस्तारित पहुंच सुनिश्चित करेगा। अंत में, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की व्यापक पहुंच के माध्यम से टीबी सेवाओं को विकेंद्रीकृत किया गया है।

**• "प्रधानमंत्री ने टीबी को खत्म करने का आह्वान करके टीबी के खिलाफ लड़ाई में बदलाव लाया"**

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि आज शुरू किया गया अभियान टीबी मुक्त भारत अभियान को नई ऊर्जा देगा। मंत्री ने कहा कि इस अभियान में 347 जिलों में त्वरित पहचान, उपचार और सहायक रणनीतियां शामिल होंगी।

मंत्री महोदय ने वर्ष 1960 से पहले की स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया, जब टीबी का पता लगने का मतलब था धीमी मौत की सजा। "टीबी से पीड़ित लोगों को घर से दूर रखा जाता था। भोजन अलग से परोसा जाता था। कई लोगों को टीबी सेनिटोरियम में भी भेजा जाता था। और आज, हमारा संकल्प टीबी मुक्त भारत का है।"

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 1962 में राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम शुरू किया गया और टीबी के इलाज के लिए दवाइयां दी जाने लगीं। "1997 में हमने डायरेक्टली ऑब्जर्व्ड ट्रीटमेंट (डीओटी) शुरू किया। बाद में हमने संशोधित राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम शुरू किया।"

मंत्री ने कहा कि जहां चर्चा टीबी के खिलाफ लड़ाई की थी, वहीं प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 में टीबी को खत्म करने का आह्वान करके बदलाव की शुरुआत की, जो न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के लिए एक साहसिक बयान बन गया। उन्होंने कहा कि "स्वास्थ्य मंत्रालय ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस लक्ष्य की दिशा में काम किया है और हम सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लक्षित वर्ष 2030 से पहले टीबी को खत्म करने का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।"

**• "आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने टीबी की जांच में बहुत बड़ी सफलता हासिल की है"**

नए दृष्टिकोणों के महत्व के बारे में बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि सरकार ने एक आक्रामक रणनीति अपनाई है। टीबी सेवाओं का विकेंद्रीकरण किया है और 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में टीबी का इलाज उपलब्ध कराया है।

**• अभियान का उद्देश्य टीबी के लापता रोगियों को ढूंढना और उनका उपचार करना तथा टीबी से संबंधित मौतों को कम करना है • उन्नत निदान उपकरण, विभेदित टीबी देखभाल और पोषण सहायता से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा**

# युवाओं, छात्रों और उद्योग के नेताओं को प्रेरित करने के लिए वेव्स डिज़ाइन किया गया : आशीष खोसला

• **जालंधर ब्रीज** . सोलन/शिमला/चंडीगढ़



सूचना और प्रसारण मंत्रालय 5 से 9 फरवरी, 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) की मेजबानी करने जा रहा है। इस आयोजन को बढ़ावा देने के लिए, मंत्रालय ने भारत के 28 शहरों में रोड शो की विशेषता वाला एक व्यापक आउटरीच अभियान शुरू किया है। इस अभियान में संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान में होने वाले कार्यक्रमों में अंतर्राष्ट्रीय प्रचार भी शामिल है। वेव्स जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, चंडीगढ़ और शिमला के प्रेस सूचना ब्यूरो की टीम ने शूलिनी यूनिवर्सिटी में अपने वार्षिक मीडिया फेस्ट के दौरान एक सेमिनार का आयोजन किया।

इस अवसर पर एक रोड शो भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने बैनर लिए और लोगों को इस पहल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। पीआईबी शिमला के निदेशक, प्रीतम सिंह ने छात्रों को क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के बारे में जानकारी दी, इसे सकारात्मक प्रभाव डालते हुए एक्सपोजर, मेंटरशिप और पेशेवर विकास हासिल करने के एक उत्कृष्ट अवसर के रूप में उजागर किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूरे भारत के छात्र एनीमेशन, गेमिंग, कॉमिक्स, फिल्म, जनरेटिव एआई, प्रसारण और अन्य 27 चुनौतियों में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि वेव्स उभरती प्रतिभाओं और उद्योग के पेशेवरों के बीच की दूरी को कम करता है, छात्रों और शौकिया रचनाकारों को विशेषज्ञों से जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं द्वारा मुख्य सत्र, जीवंत प्रदर्शनियां और नवीनतम मीडिया प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने वाले अत्याधुनिक मंडप शामिल होंगे। नई दिल्ली में अत्याधुनिक नवाचार, वैश्विक सहयोग और कलात्मक उत्कृष्टता का अनुभव करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, आशीष खोसला, शूलिनी विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड लर्निंग के अध्यक्ष ने वेव्स एक्सेलेरेटर, खरीदार-विक्रेता बातचीत को बढ़ावा देने और नवोदित प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए क्रिएट इन इंडिया चैलेंज जैसी प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला। संस्कृत कार्यक्रमों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम वैश्विक कला रूपों का जश्न मनाएंगे। युवाओं, छात्रों और उद्योग के नेताओं को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन किया गया, वेव्स भारत के रचनात्मक क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देता है, जो एक मजबूत डिजिटल रणनीति और शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी द्वारा बढ़ाया जाता है। शूलिनी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो. विपिन पब्बी ने कहा, "आज की दुनिया में समग्र शिक्षा के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण आवश्यक है। वेव्स 2025 अगली पीढ़ी के रचनाकारों को स्थापित पेशेवरों के साथ जोड़ने और प्रेरित करने के लिए तैयार है, जो विश्व मंच पर एक रचनात्मक महाशक्ति के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है। मीडिया फेस्ट के दौरान, विभिन्न संस्थानों के छात्रों और फिल्म प्रेमियों ने WAVES में गहरी रुचि दिखाई। कई लोगों ने प्रचार सामग्री और आधिकारिक वेबसाइट पर क्यूआर कोड के माध्यम से क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन 1 के लिए सक्रिय रूप से पंजीकरण कराया। अधिक जानकारी और इवेंट के लिए पंजीकरण करने के लिए, आधिकारिक वेव्स वेबसाइट wavesindia.org/challenges-2025 पर जाएँ।

# आंध्र प्रदेश के पत्रकारों ने एनआईटी जालंधर और बीएसएफ मुख्यालय का दौरा किया

• **जालंधर ब्रीज** . जालंधर




पीआईबी, विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) के अतिरिक्त महानिदेशक (क्षेत्रीय) राजिंदर चौधरी के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश के पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के तहत जालंधर का दौरा किया।

पत्रकारों ने एनआईटी जालंधर और जालंधर में पंजाब फ्रंटियर के बीएसएफ मुख्यालय का दौरा किया।

एक संवाद सत्र में, डॉ. बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), जालंधर के रजिस्ट्रार प्रो. अजय बंसल ने क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज से एनआईटी तक एनआईटीजे की प्रगति और देश की प्रगति में इसके बहुमूल्य योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हर राज्य की अपनी अलग पहचान होती है और इस तरह के आदान-प्रदान दौरे विभिन्न राज्यों की संस्कृति और प्रगति को समझने में मदद करते हैं।

एक प्रस्तुति में, डीन अकादमिक मामलों के प्रोफेसर रमन बेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एनआईटी जालंधर में चल रहे विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों और परियोजनाओं को लागू करने में एनआईटीजे के योगदान के बारे में बताया। संयोग से, एनआईटीजे ने अपने प्रौद्योगिकी छात्रों के लिए प्रबंधन की डिग्री के लिए एनईपी के तहत आईआईएम विशाखापटनम, एपी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर दौरे पर आये पत्रकारों और शोध विद्वानों को संबोधित करते हुए, राजिंदर चौधरी, एडीजी पीआईबी, विजयवाड़ा ने एनआईटीजे के छात्रों और शोधकर्ताओं और छात्रों के सामने वेव्स-2025 पर एक प्रस्तुति दी।

एआई के आगमन और कोडिंग नौकरियों पर प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, चौधरी ने उन्हें विभिन्न क्षेत्रों जैसे एनीमेशन, गेमिंग, कॉमिक्स, फिल्म, जनरेटिव एआई, प्रसारण और अन्य 27 प्रतियोगिताओं में 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन 1' में भाग लेने की सलाह दी, जो 5-9 फरवरी, 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में वेव्स के दौरान आयोजित किया जायेगा।

एनआईटीजे के छात्रों द्वारा पंजाबी संस्कृति की प्रस्तुति के हिस्से के रूप में भांगड़ा नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

दौरे पर आए पत्रकारों को जालंधर स्थित पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय में बीएसएफ के ऑपरेशनों पर एक प्रस्तुति भी दी गई। डॉ. अतुल फुलज़ेले, आईपीएस, आईजी ने 553 किलोमीटर के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों में बीएसएफ के विभिन्न ऑपरेशनों के बारे में एक प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद, बीएसएफ घुसपैठ और ड्रग माफिया से सीमाओं की सफलतापूर्वक सुरक्षा कर रही है। इस कैलेंडर वर्ष में 265.55 किलोग्राम मादक पदार्थ, 35 विभिन्न प्रकार के हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए, जबकि 160 भारतीय, 29 पाकिस्तानी, 91 अन्य भारतीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया और 3 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया गया। उन्होंने यह भी कहा कि ड्रग तस्करी में शामिल 261 ड्रोन भी जब्त किए गए। अतुल ने सीमावर्ती गांवों में युवाओं को जोड़ने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ 23 फरवरी 2025 को अमृतसर से अटारी बॉर्डर मैराथन-2025 का आयोजन कर रही है, जिसके लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। पत्रकारों के साथ बैठक में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में राजेश बाली, सहायक निदेशक (समाचार) आकाशवाणी जालंधर, रमेश चंद्र, सहायक निदेशक (सीबीसी, विजयवाड़ा) और डॉ. विक्रम सिंह, मीडिया एवं संचार अधिकारी, पत्र सूचना कार्यालय जालंधर भी मौजूद थे।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान तेज, 45 के चालान व 4 वाहन जब्त

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

कमिश्नरेट पुलिस, जालंधर ने 7 दिसंबर 2024 और 11 दिसंबर 2024 को रात के समय शराब पीकर ड्राइविंग करने व वाहनों के अंदर शराब के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया। एसीपी सेंट्रल और एसीपी मॉडल टाउन की देखरेख में थाना डिवीजन नंबर 2 और पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 6 के तहत क्रमश: वर्कशॉप चौक और सतलुज चौक पर अभियान चलाया गया।

अभियान का नेतृत्व पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 2 और पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 6 के एसएचओ ने किया। ट्रैफिक विंग, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली (ईआरएस) और फील्ड मीडिया टीम (एफएमटी) द्वारा सहायता की गई। अभियान का उद्देश्य नशे में गाड़ी चलाने और वाहनों में शराब के उपयोग को रोकना है। सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाना और संवेदनशील क्षेत्रों में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना भी मकसद है। ऑपरेशन के दौरान 180 वाहनों का निरीक्षण



किया गया। शराब की खपत का पता लगाने के लिए ब्रीथ एनालाइज़र भी तैनात किए गए।

कमिश्नरेट पुलिस, जालंधर लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग अभ्यासों के बारे में जागरूक कर रही है। कमिश्नरेट पुलिस, जालंधर सुरक्षित सड़कों के लिए प्रयास बढ़ा रही है व यातायात नियमों का पालन करवा रही है ताकि कीमती जानें बचाई जा सकें।

## चोरी की मोटरसाइकिल समेत दो काबू

जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधी शहर में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बाबा बुड्ढाजी पुल पर नाकाबंदी कर हरीश कुमार पुत्र चेतन दास निवासी एचडब्ल्यूजे29, वाल्मीकि मोहल्ला, बस्ती गुझा, जालंधर और दीपक पुत्र हरीश कुमार निवासी धुम्मा वाली गली, नजदीक फुल्लां वाला चौक जालंधर को गिरफ्तार कर लिया। स्वपन शर्मा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने शहर में कई वारदातें की हैं। पुलिस कमिश्नर ने आगे बताया कि पुलिस ने इनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। उन्होंने कहा कि एफआईआर नंबर 202 दिनांक 10.12.2024 धारा 304(2) और 3(5) बीएनएस के तहत पुलिस स्टेशन बस्ती बावा खेल, जालंधर में दर्ज की गई थी।



# एडीजी एनसीसी निदेशालय ने एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ का दौरा किया



**नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड-2025 के लिए एनसीसी की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा की**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपीएंडसी) के एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल जेएस चीमा ने एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ का दौरा किया। आगमन पर उन्हें एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान, मेजर जनरल चीमा ने कैडेटों द्वारा नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर - 2025 के हिस्से के रूप में प्रदर्शित किए जाने वाले कार्यक्रमों की प्रारंभिक तैयारियों, नव विचारों और परियोजनाओं की समीक्षा की। एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह ने एडीजी को चंडीगढ़ ग्रुप की विभिन्न इकाइयों और एनसीसी से जुड़े मुद्दों के बारे में जानकारी दी तथा ग्रुप की उपलब्धियों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। मेजर जनरल चीमा ने ग्रुप कमांडर और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की।

बाद में, मेजर जनरल चीमा ने एनसीसी परिसर में स्थित विभिन्न एनसीसी इकाइयों के कैडेटों और अन्य कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की। उन्होंने कैडेटों से युवा विकास, स्व-अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए एनसीसी की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का आग्रह किया। वे नौकायन, उड्डयन, साहसिक कार्य, सामाज सेवा एवं सामुदायिक विकास सहित एनसीसी गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में कैडेटों द्वारा किए गए प्रयासों से बहुत प्रभावित हुए।

## किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन से भाजपा क्यों डर रही है : बाजवा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

किसानों के आंदोलन पर भाजपा के नेतृत्व को कटघरे में खड़ा करते हुए विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने गुरुवार को पूछा कि केंद्र सरकार किसानों के शांतिपूर्ण विरोध से इतनी डरी हुई क्यों है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाजवा ने कहा कि लंदन में वेस्टमिनिस्टर इंग्लैंड के किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के कारण ट्रैक्टरों से भर गए हैं। किसानों को तितर-बितर करने के लिए न तो सरकार और न ही स्कॉटलैंड यार्ड ने बल प्रयोग किया। उन्होंने बल का उपयोग नहीं किया क्योंकि वे लोकतांत्रिक सिद्धांतों और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, "इसके विपरीत, भाजपा नीत केंद्र सरकार के निर्देशन में हरियाणा में भाजपा सरकार ने निहत्थे और शांतिपूर्ण तरीके से मार्च कर रहे किसानों के खिलाफ आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछार की। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा की भाजपा सरकार ने इस तरह बड़े पैमाने पर बैरिकेडिंग लगा दी है जैसे पंजाब भारत का हिस्सा ही नहीं है। किसान यूनियन के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 17 दिनों से आमरण अनशन कर रहे हैं। उनकी तबीयत अब बिगड़ रही है। अगर कुछ अनहोनी होती है तो इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार होगी। पंजाब की कानून व्यवस्था दांव पर है।



# नगर निगम, परिषद व पंचायतों के 139 वार्डों के लिए 698 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन पत्र

**नामांकन पत्रों की जांच 13 दिसंबर को होगी, 14 दिसंबर को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे**

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी डा. हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन जिले के 139 वार्डों के लिए 698 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि जालंधर नगर निगम के 85 वार्डों के लिए 448 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र भरे गए है। इसी प्रकार नगर परिषद भोगपुर के 13 वार्डों के लिए 62, नगर परिषद गोराया के 13 वार्डों के लिए 53 और नगर परिषद फिल्लौर के वार्ड नंबर 13 के लिए 4 नामांकन पत्र भरे गए है। जिला चुनाव अधिकारी ने आगे बताया कि नगर पंचायत बिलगा के 13 वार्डों के लिए 47 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र भरे गए है। नगर पंचायत शाहकोट के 13 वार्डों के लिए 81 उम्मीदवारों और नगर पंचायत मेहतपुर के वार्ड नंबर 5 के लिए 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे है।



उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव को उचित ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था की गई है और चुनाव कर्मचारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 13 दिसंबर को होगी और 14 दिसंबर को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना भी होगी।

## फगवाड़ा नगर निगम के लिए 219 नामांकन दाखिल

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

नगर निगम फगवाड़ा और नगर पंचायत भुलत्थ, नडाला, बेगोवाल और ढिलवां के लिए नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिला चुनाव अधिकारी कम डिप्टी कमिश्नर अमित कुमार पांचाल ने बताया कि फगवाड़ा नगर निगम के 50 वार्डों के लिए 219 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं।



बेगोवाल नगर पंचायत के 13 वार्डों के लिए 39 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जबकि भुलत्थ नगर पंचायत के 13 वार्डों के लिए 44 नामांकन पत्र दाखिल हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत ढिलवां के 11 वार्डों के लिए 33 नामांकन पत्र और नगर पंचायत नडाला के 11 वार्डों के लिए 41 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। 13 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 14 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। 21 दिसंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगा और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। पूरी चुनाव प्रक्रिया 24 दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी।

## केंद्र से किसानों की मांगों का तुरंत समाधान करने की अपील

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने केंद्र सरकार से किसानों के ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए उनके साथ सार्थक बातचीत शुरू करने की अपील की है। किसानों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और उन्हें तुरंत हल करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने केंद्र से अपील की कि वह किसानों की मांगों, जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना शामिल है, का शीघ्र समाधान करने की अपील की।



स्पीकर ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, जो 30 नवंबर से खनौरी सीमा पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं, के स्वास्थ्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कैंसर के मरीज होने के बावजूद, किसान नेता डल्लेवाल केंद्र से अपनी मांगें मनवाने के लिए अनशन पर बैठे हैं। स संधवां ने किसान नेता की जान बचाने पर जोर देते हुए केंद्र से अपील की कि वह श्री डल्लेवाल को भूख हड़ताल समाप्त करने के लिए मनाए। उन्होंने किसान संगठनों से भी अपील की कि वे इस गतिरोध को तोड़ने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और चल रहे धरनों का सार्थक समाधान निकालें।

# नगर निगम और नगर पंचायत चुनाव के लिए नियुक्त चुनाव ऑब्जर्वर पहुंचे

**चुनाव ऑब्जर्वर संदीप हंस द्वारा जिला प्रशासन के साथ मीटिंग, डिप्टी कमिश्नर एवं एसएसपी ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए किये प्रबंधों की दी जानकारी**



• **जालंध ब्रीज.** कपूरथला

पंजाब राज्य चुनाव कमिश्न द्वारा फगवाड़ा नगर निगम और भुलत्थ, ढिलवां, नडाला और बेगोवाल नगर पंचायतों के लिए नियुक्त चुनाव ऑब्ज़र्वर पहुंच गए हैं। चारों नगर पंचायतों के लिए आईएएस संदीप हंस को चुनाव ऑब्ज़र्वर नियुक्त किया गया है। जबकि फगवाड़ा नगर निगम के लिए आईएएस बबीता कलेर को चुनाव ऑब्ज़र्वर नियुक्त किया गया है।

नगर पंचायतों के लिए चुनाव ऑब्ज़र्वर संदीप हंस द्वारा आज डिप्टी कमिश्नर अमित कुमार पांचाल एवं एसएसपी गौरव तुरा के साथ मीटिंग कर चुनाव को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने वोटर सूची की उपलब्धता, चुनाव कर्मियों की तैनाती, सुरक्षा बलों की तैनाती आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर एवं एसएसपी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं।उन्होंने कहा कि सुचारू चुनाव प्रक्रिया के लिए चुनाव कर्मचारियों को सिखलाई देने के लिए एक प्रोग्राम तैयार किया गया है।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि चुनाव ऑब्ज़र्वर संदीप हंस के साथ तहसील भलाई अधिकारी रणजीत सिंह (84278-43762) को लाईजन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा चुनाव ऑब्ज़र्वर बबीता कलेर के साथ ई.टी.ओ. फगवाड़ा मुक्ति गुप्ता (98148-62048) को लाईजन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## वज्र कोर 13 से 15 दिसंबर 2024 तक विजय दिवस मनाएगा

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

विजय दिवस 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भारतीय सेना की जीत की याद में मनाया जाता है, जिसके कारण बांग्लादेश को मुक्ति मिली। भारतीय सेना की वज्र कोर ने अमृतसर में 1971 के युद्ध की जीत की 53वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक शानदार सैन्य हथियार और उपकरण प्रदर्शन की घोषणा की है, जिसके बाद एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।




"अपनी सेना को जानें" पहल का हिस्सा यह कार्यक्रम राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति को बढ़ावा देते हुए भारतीय सेना की ताकत और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने का लक्ष्य रखता है। प्रदर्शन में नवीनतम तकनीक वाले आर्टिलरी गन, टैंक और अत्याधुनिक उपकरणों सहित सैन्य हार्डवेयर की एक श्रृंखला शामिल होगी।

पंजाब राज्य युद्ध नायक स्मारक और संग्रहालय, अमृतसर में 13-14 दिसंबर 2024 को सुबह 1000 बजे से शाम 1700 बजे तक "हथियार और उपकरण प्रदर्शन" आयोजित किया जाएगा और एक सांस्कृतिक समारोह "एक शाम वीरों के नाम" 15 दिसंबर 2024 को शाम 1730 बजे से 1930 बजे तक गोबिंदगढ़ किले, अमृतसर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें गतका, खुखरी नृत्य, लाइट एंड साउंड शो (सारागढ़ी की लड़ाई), लेजर शो और मूवी क्लिप (पंजाब में सैन्य अभियान) शामिल होंगे, जिसमें सारागढ़ी की सबसे भीषण लड़ाई सहित भारतीय सेना के योद्धाओं की समृद्ध विरासत को दिखाया जाएगा। युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि के रूप में एक फ्यूजन बैंड कॉन्सर्ट आयोजित किया जाएगा।

## डा. अम्बेडकर पूरी मानवता के नेता : डीसी



**महा प्री-निर्वाण दिवस को समर्पित ज़िला स्तरीय समागम में बाबा साहिब को श्रद्धा के फूल किए भेंट**

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने भारत रत्न डा. बीआर अम्बेडकर को पूरी मानवता का महान नेता कहा। उन्होंने कहा कि बाबा साहिब ने पूरे देश को एक धागो में बांधते हुए बराबरी वाले समाज पर आधारित विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का संविधान दिया। भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता के 68वें महा प्री-निर्वाण दिवस को समर्पित यहाँ रैड्ड क्रास भवन में करवाए ज़िला स्तरीय समागम दौरान संबोधित करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने डा. अम्बेडकर को विद्वान, कानूनदान, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनेता बताया जो अपनी दूरअन्देशी एंव मनुष्यवादी पहुँच के लिए पूरी मानवता उनको सम्मान करती है।डा. अग्रवाल ने कहा कि आदर्श समाज की सृजना करने के लिए हम सबको बाबा साहिब के फलसफे और शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने की ज़रूरत है। डिप्टी कमिश्नर ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

ज़िला लोक संपर्क अधिकारी हाकम थापर ने समागम की शोभा बढ़ाने के लिए डिप्टी कमिश्नर का धन्यवाद करते हुए आए हुए सभी मेहमानों का भी धन्यवाद प्रकट किया। ज़िला रैड्ड क्रास सोसायटी के सचिव इन्द्रदेव सिंह मिनहास, डा. सुरजीत लाल, डा. अशोक सहोता, सचिव ज़िला बार एसोसिएशन एडवोकेट प्रितपाल सिंह, प्रधान एक्स सर्विसमैन वैल्लफेयर एसोसिएशन कैप्टन गुरमेल सिंह, सेवामुक्त जज दर्शन सिंह, डी.ई.ओ. गुरिन्दरजीत कौर, डिप्टी डी.ई.ओ. राजीव जोशी, चुनाव कानूनगो सुखदेव सिंह भी मौजूद थे।

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**पहले ही मैच में होगी पाकिस्तान से टक्कर**

**स्पोर्ट्स डेस्क.** बीसीसीआई ने गुरुवार को अंडर 19 एसीसी महिला एशिया कप टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम के स्क्वाड की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 15 दिसंबर से मलेशिया के कुआलालंपुर में बेयूमास क्रिकेट ओवल में आयोजित किया जाएगा। सप्ताह भर चलने वाला यह टूर्नामेंट टीम के लिए अंडर 19 महिला टी20 वर्ल्ड कप से पहले की तैयारी के तौर पर काम करेगा। प्रमुख इवेंट के लिए टीम में कई धाकड़ प्लेयर्स को शामिल किया गया है। टीम की अगुवाई निकी प्रसाद करेंगी।

**अंडर-19 महिला एशिया कप के लिए टीम:** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, नन्दना एस।




फोटो-बीसीसीआई

**स्टैंडबाय:** हर्ले गाला, हैप्पी कुमारी, जी काव्या श्री, गायत्री सुरवेसे।

**नॉन ट्रैवलिंग रिजर्व:** प्राप्ति रावल

# हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के लिए दूरदर्शन को आधिकारिक प्रसारण भागीदार घोषित किया

**स्पोर्ट्स डेस्क.** भारत के राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन ने इंडियाकागेम हॉकी को एक राष्ट्रव्यापी उत्सव में बदलने और हॉकी खिलाड़ियों को देश भर में जाना-पहचाना नाम बनाने के लिए हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी की है। 28 दिसंबर 2024 को शुरू होने वाली हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए यह साल ऐतिहासिक है, क्योंकि इस बहुप्रतीक्षित पुरुष प्रतियोगिता के साथ-साथ महिला हॉकी इंडिया लीग का आगाज भी हो रहा है।

भारतीय खेलों को बढ़ावा देने की अपनी विरासत के लिए प्रसिद्ध, दूरदर्शन देश भर के करोड़ों दर्शकों के लिए एचआईएल का रोमांचक एक्शन लेकर आएगा। इस लीग में भाग लेने वाली 8 पुरुष टीमें और 4 महिला टीमें राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें भारत और दुनिया भर से शीर्ष स्तर की प्रतिभाएं दिखाई देंगी। महिला लीग का जुड़ना हॉकी इंडिया की खेलों में लैंगिक समावेशिता को आगे बढ़ाने और एक बड़े मंच पर महिला हॉकी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि हम हॉकी इंडिया लीग के आधिकारिक प्रसारणकर्ता के रूप में दूरदर्शन के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। यह वर्ष इसलिए भी विशेष है, क्योंकि महिला एचआईएल का शुभारंभ किया गया है, जो महिला हॉकी को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा कि दूरदर्शन को हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने का सौभाग्य मिला है। यह एक ऐसा मंच है जो हमारे राष्ट्रीय खेल का जश्न मनाता है और पूरे भारत में समुदायों को एकजुट करता है। व्यापक कवरेज के माध्यम से, हमारा लक्ष्य महिला एचआईएल के ऐतिहासिक पदार्पण सहित हॉकी की रोमांचक भावना को हर जगह दर्शकों तक पहुंचाना, शहरी और ग्रामीण विभाजन को पाटना और लीग के प्रभाव को बढ़ाना है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.